मुख्यालय, तटरक्षक क्षेत्र (अं. एवं नि.) श्री विजयपुरम

डाक पेटी संख्या.716, हैड्डो पोस्ट, श्री विजयपुरम-744102

| | |
|---|---|
| **रोजगार समाचार में प्रकाशित विज्ञापन की तिथि** | **27 जून 26 – 03 जुलाई 26** |
| **आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि** | **11 अगस्त 26** |

1. भारतीय तटरक्षक सीधी भर्ती द्वारा निम्नलिखित रिक्तियों को भरने के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से **संलग्नक-I** में दिए गए निर्धारित प्रारूप (फॉर्मेट) में आवेदन आमंत्रित करता है।

1.1 **पद का नाम:- इंजन ड्राईवर,** {सामान्य केन्द्रीय सेवा, समूह 'सी', अराजपत्रित, वेतन मैट्रिक्स में वेतन स्तर-04 में अनअनुसचिवीय}

1.2 **श्रेणीवार रिक्तियों की संख्या:-**

| **श्रेणी** | **रिक्ति की संख्या*** |
|---|---|
| (ई डब्ल्यू एस) आर्थिक रूप से कमजोर | 01 |

*परिवर्तनीय

1.3 **पात्रता मापदंड-:**

**अनिवार्य:-**

(i) मान्यता प्राप्त बोर्ड से मैट्रिक या समकक्ष उत्तीर्ण ।

(ii) किसी मान्यता प्राप्त सरकारी संस्थान या समकक्ष से इंजन चालक के रूप में योग्यता का प्रमाण पत्र।

**वांछित या वांछनीय-**

(iii) चार सौ से अधिक बोट हॉर्स पावर के जहाज पर सारंग के रूप में दो साल की सेवा।

1.4 **आयु सीमा और छूट:- 18 - 30 वर्ष** (इस सम्बन्ध में केंद्र सरकार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार सरकारी कर्मचारियों के लिए 40 वर्ष तक की छूट और पूर्व सैनिकों के लिए सरकार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार आयु सीमा में छूट दी जा सकती है )।

2. **आवेदन कैसे करें**:- आवेदन पत्र **अनुलग्नक-I** में दिए गए निर्धारित प्रारूप के अनुसार अँग्रेजी या हिन्दी में भरा जाना चाहिए। विधिवत स्वप्रमाणित रंगीन फोटो सहित आवेदन के साथ नीचे सूचीबद्ध दस्तावेजों की फोटो प्रतियां, नाम और तिथि के साथ विधिवत स्वप्रमाणित होने चाहिए। आवेदन पत्र के साथ मूल प्रमाण पत्रों को अग्रेषित नहीं किया जाना है:-

2.1 विधिमान्य फोटो पहचान प्रमाण पत्र।

2.2 जन्मतिथि प्रमाण (दसवीं कक्षा का उत्तीर्ण प्रमाण पत्र या जन्म प्रमाण पत्र)

2.3 मैट्रिक या समकक्ष अंकतालिका और प्रमाण पत्र।

2.4 आधार कार्ड।

2.5 अनुलग्नक II में दिए गए निर्धारित प्रारूप के अनुसार नवीनतम आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई डब्ल्यू एस) श्रेणी प्रमाण पत्र।

2.6 किसी मान्यता प्राप्त सरकारी संस्थान या समकक्ष से इंजन चालक के रूप में योग्यता का प्रमाण पत्र।

2.7 वर्तमान में किसी भी सरकारी संस्था में सेवारत होने पर नियोक्ता से 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' यदि लागू हो।

2.8 दो नवीनतम पासपोर्ट आकार की रंगीन फोटो।

2.9 आवेदकों को आवेदन के साथ स्वयं का पता लिखा एक अलग खाली लिफाफा संलग्न करना होगा, जिसपर 50/- रूपए का डाक टिकट चिपका हो।

***टिप्पणी:- उपरोक्त सभी दस्तावेजों को जारी करने की तिथि आवेदन की अंतिम तिथि अर्थात 11 अगस्त 26 या उससे पूर्व की होनी चाहिए। आयु, शैक्षिक योग्यता, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई डब्ल्यू एस) श्रेणी आदि के संबंध में पात्रता गणना करने के लिए महत्वपूर्ण तिथि, आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि होगी।**

3. सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र रोजगार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से **45 दिनों** के भीतर केवल साधारण डाक द्वारा **"कमांडर, तटरक्षक क्षेत्र (अं एवं नि), पोस्ट बॉक्स नंबर 716, हैड्डो (पोस्ट), श्री विजयपुरम -744102**, **अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह"** को भेजे जाने चाहिए।

4. **चयन का तरीका**:-

4.1 **आवेदनों की जांच**:- उम्मीदवारों से प्राप्त सभी आवेदनों की पात्रता मानदंड के आधार पर आवश्यक दस्तावेजों की जांच की जाएगी और लघु सूचीयन (शोर्ट लिस्ट) उम्मीदवारों को दस्तावेज़ सत्यापन तथा लिखित परीक्षा में उपस्थित होने के लिए प्रवेश पत्र जारी किए जाएंगे।

4.2 **दस्तावेज़ सत्यापन**:- सभी लघु सूचीयन (शोर्ट लिस्ट) किए गए चयनित उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में उपस्थित होने से पहले दस्तावेज़ सत्यापन करना होगा। उम्मीदवारों को अपने प्रवेश पत्र में दिए गए निर्देशों /अनुदेश के अनुसार अपने मूल दस्तावेज और उसकी स्व-सत्यापित फोटो प्रतियां (02 सेट) साथ लाने होंगे।

4.3 **बायोमेट्रिक सत्यापन:-** अभ्यर्थी की रिपोर्टिंग के दौरान, प्रारंभिक दस्तावेज सत्यापन के साथ-साथ उसके बायोमेट्रिक विवरण – अर्थात अंगूठे का निशान और फोटो भी लिए जायेंगे। चयन के बाद, उम्मीदवार की पहचान की पुष्टि जॉइनिंग/ दस्तावेज़ सत्यापन के समय दोबारा की जाएगी।

4.4 **लिखित परीक्षा :-** सभी लघु सूचीयन (शोर्ट लिस्ट) किए गए उम्मीदवार लिखित परीक्षा में शामिल होंगे जिसमें पद के लिए निर्धारित शैक्षिक/ तकनीकी योग्यता के आधार पर सामान्य अंग्रेजी, सामान्य ज्ञान, सरल गणित और सम्बंधित ट्रेड पर आधारित प्रश्न होंगे। लिखित परीक्षा पेन-पेपर आधारित और एक घंटे की अवधि की होगी। लिखित परीक्षा के प्रश्न पत्र (द्विभाषी में) 80 वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न होंगे और प्रत्येकं सही उत्तर के लिए एक अंक होगा और कोई नकारात्मक अंक नही होगा।

4.5 **कौशल/ ट्रेड परीक्षण:-** लिखित परीक्षा उतीर्ण करने वाले उम्मीदवारों को कौशल/ ट्रेड परीक्षा के लिए शार्टलिस्ट किया जाएगा जो कि क्वालीफाइंग (अर्हक) प्रकृति की है।

4.6 **योग्यता क्रम सूची:-** लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के अनुसार योग्यता स्थिति के आधार पर योग्यता क्रम सूची तैयार की जाएगी और आवश्यक निर्देशों के साथ भारतीय तटरक्षक की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी।

5. **उम्मीदवारों के लिए महत्वपूर्ण निर्देश:-**

5.1 पद के लिए आवेदन करने से पहले, उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता और अन्य मानदंडों को पूरा करते हैं। गलत/झूठी सूचना देने/ प्रस्तुत करने पर उन्हें अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और ऐसी किसी भी गलत/ झूठी जानकारी देने के किसी भी परिणाम के लिए भारतीय तटरक्षक जिम्मेदार नहीं होगा।

5.2 यदि अभ्यर्थी द्वारा दी गयी कोई भी जानकारी गलत पायी जाती है या विज्ञापन में उल्लिखित पात्रता मानदंडों के अनुरूप नहीं पायी जाती है, तो अभ्यर्थी की उम्मीदवारी भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में या भर्ती या कार्यभार ग्रहण करने के बाद अस्वीकार की जा सकती है।

5.3 यह अनिवार्य है कि आवेदन वाले लिफाफे पर स्पष्ट रूप से साफ अक्षरों में **"इंजन ड्राईवर के पद के लिए आवेदन"** लिखा होना चाहिए और साथ ही जिस वर्ग के लिए आवेदन किया गया है उसका नाम भी लिखा होना चाहिए जैसे कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई डब्ल्यू एस)। इन उल्लेखों के बिना आवेदनों को तुरंत खारिज कर दिया जाएगा।

5.4 निम्नलिखित कमियों वाले आवेदनों को सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा:-

(i) अपूर्ण आवेदनों को।

(ii) विज्ञापन के अनुसार आवेदन प्राप्ति के अंतिम दिन तक अधिक आयु पाए गए आवेदनो को।

(iii) संलग्नको के अनुसार अधिलेखन/ कटाई/ सुधार/ गलत सूचना।

(iv) फोटो नहीं चिपकाए गए हैं।

(v) स्व सत्यापित दस्तावेजों की फोटोकॉपी संलग्न नहीं पायी गई।

(vi) 50/- रूपये के डाक टिकट (लिफाफे पर चिपका हुआ) के साथ स्वयं का पता लिखा एक अलग खाली लिफाफा आवेदन के साथ संलग्न नहीं किया गया है।

5.5 सरकारी विभागों में कार्यरत अभ्यर्थियों को संबंधित प्राधिकारी द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र के साथ निर्धारित तिथि या आवेदन प्राप्ति की तिथि से पहले ही उचित माध्यम से अपना आवेदन भेजना होगा।

5.6 लिखित परीक्षा में मात्र उपस्थित होने/ अर्हता प्राप्त करने से उम्मीदवार को नियुक्ति के लिए दावा करने का कोई अधिकार नहीं मिल जाता है, जब तक कि वह पात्रता मानदंड को पूरा नहीं करता है।

5.7 ग्रुप सी पद पर नियुक्ति के लिए चुने गए उम्मीदवार / अभ्यर्थी आरम्भ में तटरक्षक क्षेत्र (अं एवं नि) के अंतर्गत किसी भी यूनिट/ स्थापना में नियुक्ति के लिए उत्तरदायी हैं जिसमे अखिल भारतीय स्थानांतरण भी देय होगा।

5.8 उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि उक्त भर्ती से संबंधित महत्वपूर्ण अद्यतन(अपडेट) के लिए नियमित आधार पर भारतीय तटरक्षक की वेबसाइट www.indiancoastguard.gov.in देखें।

संलग्नक-I

**भारतीय तटरक्षक में ____________________________________ के पद के लिए आवेदन**

**पासपोर्ट आकार का नवीनतम फोटो चिपकाएं**

1. आवेदक का नाम (साफ अक्षरों में) :
2. पद के लिए आवेदन किया गया :
3. जन्म तिथि (ईसवी सन में) और आयु :
4. पिता का नाम :
5. स्थायी पता :
6. पत्राचार का पता (पिन कोड सहित) :
7. ई मेल आई डी :
8 फोन नंबर (मोबाइल एवं लैंड्लाइन) :
9. आधार संख्या :
10. (क) शैक्षिक योग्यताएँ :

| परीक्षा उत्तीर्ण | उत्तीर्ण होने का वर्ष | श्रेणी/ अंकों का प्रतिशत | बोर्ड/ विश्वविद्यालय का नाम |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |

(ख) अनुभव (प्रासंगिक क्षेत्र में, यदि कोई हो):- :

11. लिंग (पुरुष/ महिला) :
12. राष्ट्रीयता :
13. क्या दिव्यांग/ अंगबाधित (हां/ नहीं) :
14. क्या अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग/ ई डब्ल्यू एस/ अन्य से संबंधित है:
15. क्या विभागीय उम्मीदवार है (हां/ नहीं) :

**घोषणा:-** मैं एतद् द्वारा घोषणा करता हूँ कि आवेदन में दिए गए सभी विवरण मेरी जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण और सही है। किसी भी समय किसी भी जानकारी के गलत या गलत पाए जाने की स्थिति में, मेरी उम्मीदवारी/ नियुक्ति को बिना किसी सूचना के रद्द / समाप्त किया जा सकता है। मैं यह भी घोषणा करता हूं कि मैं जन्म/ अधिवास से भारत का नागरिक हूँ।

बाएं हाथ के अंगूठे का निशान

स्थान:
दिनांक:

आवेदक के हस्ताक्षर

अनुलग्नक –II

........................सरकार
(प्रमाणपत्र जारी करने वाले प्राधिकारी का नाम और पता)
आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों द्वारा प्रस्तुत आय तथा संपत्ति प्रमाणपत्र

प्रमाणपत्र सं. ....................................                                        दिनांक ..................

वर्ष ................ के लिए मान्य/ प्रामाणिक

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी ...................................... पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री ................................ ग्राम/मोहल्ला ..................... डाकघर .................. जिला .................. राज्य .................................... के स्थायी निवासी है और जिनका नीचे चिपकाया गया फोटोग्राफ अभिप्रमाणित किया गया है ये आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों से आते हैं और वित्तीय वर्ष ........................में इनकी कुल वार्षिक आय * रुपए 8 लाख (आठ लाख रूपए) से कम है। इनका परिवार** निम्नलिखित परिसंपत्तियों में से कोई भी संपत्ति धारण नहीं करता है***।

I. 5 एकड़ और इससे अधिक की कृषि भूमि
II. 1000 वर्ग फीट और इससे अधिक वर्ग का आवासीय फ्लैट
III. अधिसूचित नगरपालिका में 100 वर्ग गज या इससे अधिक का आवासीय प्लोट
IV. अधिसूचित नगरपालिकाओं से भिन्न क्षेत्रों में 200 वर्ग गज से अधिक का आवासीय प्लोट

2. श्री/श्रीमती/कुमारी ............................ का सम्बन्ध ...........................जाति से है जो अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (केन्द्रीय सूची) के रूप में मान्यता प्राप्त नहीं है।

मुहर सहित हस्ताक्षर ..................................
नाम ......................................
पदनाम..........................................

आवेदक का पासपोर्ट आकर का अद्यतन फोटोग्राफ

---

* टिप्पणी 1. आय के रूप में सभी स्रोत अर्थात वेतन, कृषि, व्यवसाय, पेशा, इत्यादि सभी शामिल है।

* टिप्पणी 2. इस उद्देश्य के लिए 'परिवार' का अर्थ आरक्षण का लाभ लेने वाले व्यक्ति सहित उसका/ उसकी पिता/माता और 18 वर्ष से कम उम्र के भाई-बहन और उसका/ उसकी पति/पत्नी और 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे हैं।

*** टिप्पणी 3. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ई डबल्यू एस) के दर्जे का निर्धारण करने के लिए भूमि अथवा संपत्ति के स्वामित्व का मानदंड लागू करते समय परिवार द्वारा विभिन्न स्थानों अथवा विभिन्न क्षेत्रों/ शहरों में धारित संपत्ति को जोड़ा जाएगा।